# वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

## एम.एड. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) सत्र 2023–25 में प्रवेश हेतु

**आन लाईन आवेदन फार्म भरने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक निर्देशः–**

1. **पात्रता** बी.एड./बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड./बी.एल.एड. में न्यूनतम 50 % अंको के साथ उत्तीर्ण हो।
**अथवा**
डी.एल.एड. 50 % के साथ स्नातक उपाधि में भी न्यूनतम 50% अंको के साथ उत्तीर्ण हो।

2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/विकलांग/स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी आश्रित/अन्य प्रान्त का आरक्षण राजाज्ञा के अनुसार देय होगा, जो अनुदानित महाविद्यालय (राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय, सिंगरामऊ,, जौनपुर) में ही केवल अनुमन्य होगा। आरक्षण सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र के आधार पर ही मान्य होगें।

3. आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों का आरक्षण निर्धारित सीट के अन्तर्गत राजाज्ञानुसार 10% सभी महाविद्यालयों में अनुमन्य होगा।

4. प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर वरीयता क्रम में प्रवेश दिया जायेगा।

5. ऐसे अभ्यर्थी जो वर्ष–2023 की अर्हता परीक्षा में अन्तिम वर्ष या सेमेस्टर में सम्मिलित हो रहे है, वे भी आवेदन हेतु अर्ह माने जायेंगें। ऐसे अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया के पूर्व न्यूनतम अर्हता पूर्ण करना अनिवार्य होगा और काउंसलिंग के समय समिति के समक्ष अर्हता अंकपत्र प्रस्तुत करना होगा।

6. सामान्य/पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी के लिये रू0 1000=00 (रू0 एक हजार मात्र) तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु रू0 750=00 (रू0 सात सौ पचास मात्र) **प्रवेश परीक्षा शुल्क** निर्धारित है।

7. प्रवेश परीक्षा आवेदन करते समय प्रवेश परीक्षा शुल्क ऑन–लाईन ही जमा होगी।

8. प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र ऑन–लाईन ही प्राप्त किये जा सकेंगे।

9. काउंसलिंग हेतु बुलाये गये सफल अभ्यर्थियों को काउंसलिंग तिथि को काउंसलिंग शुल्क के रूप में रू. 500=00 (रू. पांच सौ मात्र) नगद जमा करना होगा।

10. प्रश्न हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषा में होंगे। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा। निगेटिव मार्किंग नही होगी।

11. प्रवेश परीक्षा 2 (दो) घण्टे की होगी और उसमें निम्नलिखित विवरणानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार के 150 प्रश्न होंगे–

| क्रम सं0 | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी भाषा योग्यता | 10 | 20 | 300 |
| 2 | अंग्रेजी भाषा योग्यता | 10 | 20 | |
| 2 | करेन्ट अफेयर्स | 10 | 20 | |
| 4 | मानसिक योग्यता | 20 | 40 | |
| 5 | बी.एड्.पाठयक्रम (केवल अनिवार्य प्रश्न–पत्र) | 100 | 200 | |

आगे पृष्ठ............2 पर

12. दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के योग्यता गुणांक समान होने पर इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय के अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी। यदि उपर्युक्त व्यवस्था के उपरान्त भी अंक समान आते हैं तो आयु में ज्येष्ठ व्यक्ति को वरीयता दी जायेगी।

13. एम.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु महाविद्यालयों का विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | महाविद्यालय का नाम | अनुदानित/ स्ववित पोषित | सीटो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय, सिंगरामऊ, जौनपुर | अनुदानित | 50 |
| 2 | तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर। | स्ववित्तपोषित | 50 |
| 5 | आर0एस0के0डी0 पी0 जी0 कालेज, जौनपुर। | स्ववित्तपोषित | 50 |
| 4 | जय बजरंग महिला महाविद्यालय, मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर (केवल महिला अभ्यर्थी हेतु) | स्ववित्तपोषित | 50 |
| 5 | गुरू फूलचन्द महाविद्यालय,, दौलतपुर, गाजीपुर। | स्ववित्तपोषित | 50 |
| 6 | गोपीनाथ महाविद्यालय, देवली, सलामतपुर, गाजीपुर | स्ववित्तपोषित | 50 |
| | **कुल सीट** | | **300** |
| नोट– काउंसलिंग के समय उन्ही महाविद्यालय में प्रवेश मान्य होगा, जिन महाविद्यालय में प्रवेश हेतु मानक पूर्ण होगें। | | | |

14. एम.एड. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) संत्र 2023–25 में प्रवेश हेतु प्रस्तावित महत्वपूर्ण तिथियां–

| **क्र.सं.** | **कार्य विवरण** | **तिथि** |
|---|---|---|
| **01** | आनलाईन आवेदन फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि | 29 जून 2023 |
| **02** | आनलाईन आवेदन फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 31 जुलाई 2023 |
| **03** | आनलाईन आवेदन फार्म संशोधन की तिथि | 05 अगस्त 2023 |
| **04** | प्रवेश पत्र आनलाईन डाउनलोड करने की तिथि | 19 अगस्त 2023 |
| **05** | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 26 अथवा 27 अगस्त 2023 |
| **06** | प्रवेश परीक्षा परिणाम की घोषणा | 08 सितम्बर 2023 |
| **07** | प्रथम काउंसलिंग | 18 एव 19 सितम्बर 2023 |

**नोट–**

1. **विशेष परिस्थिति में उक्त तिथियों में परिवर्तन किया जा सकता है।**
2. प्रवेश परीक्षा के समय अभ्यर्थी को अपना दो नवीनतम पासपोर्ट साईज की रंगीन फोटोग्राफ साथ में लाना होगा।
3. प्रवेश परीक्षा के समय पहचान हेतु आधार/वोटर आई.डी/ड्राईविंग लाइसेंस/पैन या फोटोयुक्त बैंक पासबुक साथ में लाना अनिवार्य होगा।
4. प्रवेश परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रानिक्स डिवाईस, मोबाईल आदि लाना वर्जित होगा।
5. अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन के उपरान्त अपने आवेदन फार्म की एक प्रति प्रिन्ट प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।
6. काउंसलिंग पत्र अभ्यर्थी द्वारा स्वयं आनलाईन काउंसलिंग तिथि के 04 दिन पूर्व से डाउनलोड किये जा सकेगें।
7. कोविड गाइड लाईन का पालन करना अनिवार्य होगा।

कुलसचिव